# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (14 May)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-may-14

- भारत सरकार द्वारा नेपाल के लिये बनाई गई **जयनगर-कुर्था** ब्रॉडगेज पर रेल सेवा शुरू करने के लिये भारत का कोंकण रेलवे नेपाल को दो DEMU ट्रेन एवं आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति करेगा। पाँच कोचों वाले दोनों DEMU ट्रेन सेटों की लागत करीब 50 करोड़ रुपए है और इनका निर्माण तमिलनाडु के चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया जाएगा। 1600 हॉर्स पावर वाले प्रत्येक ट्रेन सेट में एक ड्राइविंग पावर कार, एक वातानुकूलित के साथ तीन ट्रेलर कार, मानक सामान के साथ एक ड्राइविंग ट्रेलर कार शामिल होगी। **भारत-नेपाल विकास साझेदारी कार्यक्रम** के तहत भारतीय वित्तीय अनुदान के साथ IRCON (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा 34 किलोमीटर जयनगर-कुर्था रेलवे लिंक बनाया गया है।
- भारत और चीन ने अधिक संतुलित व्यापार को बढ़ावा देकर बाज़ार पहुँच के मुद्दों को तेज़ी से हल करने पर सहमति जताई है। इन मुद्दों पर दोनों देशों के बीच हुई बैठक के अंत में भारत से चीन तक **मिर्च खली (Chilli Meal) के निर्यात** के लिये एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये गए। दोनों पक्षों ने कृषि उत्पादों को मंज़ूरी के भारतीय अनुरोधों सहित व्यापार से जुड़े मामलों पर विचार -विमर्श किया। ज्ञातव्य है कि भारत देश में विनिर्मित और कृषि उत्पादों के लिये चीन में अधिक बाजार पहुँच की मांग कर रहा है ताकि व्यापार घाटे को कम किया जा सके। हाल ही में भारत ने 380 उत्पादों की सूची चीन के साथ साझा की थी। इनमें बागवानी, वस्त्र, रसायन और फार्मा उत्पाद शामिल हैं। इन उत्पादों के निर्यात की काफी संभावनाएँ हैं। इन उत्पादों का निर्यात बढ़ाने से भारत को चीन के साथ अपने व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिलेगी।
- पुणे स्थित **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च** (IISER) की टीम ने **पिट वाइपर** साँप की लाल-भूरे रंग की एक नई प्रजाति खोजी है जिसमें गर्मी को महसूस करने की अनूठी क्षमता है। यह पिछले 70 साल में मिली पहली ऐसी प्रजाति है। इस प्रजाति का नाम इसकी खोज की जगह अरुणाचल प्रदेश के नाम पर **Trimeresurus Arunachalensis** रखा गया है। अरुणाचल प्रदेश के **ईगलनेस्ट क्षेत्र** में जैवविविधता सर्वेक्षण के दौरान साँप की इस प्रजाति का पता चला। साँप के DNA अनुक्रमों के तुलनात्मक विश्लेषण और रुपात्मक विशेषताओं की जाँच से पता चला कि साँप की ऐसी प्रजाति वर्णन पहले नहीं मिलता।

- **IPL सीज़न-12** का फाइनल मुकाबला 12 मई को **मुंबई इंडियंस** और चेन्नई सुपरकिंग के बीच खेला गया, जिसमें मुंबई इंडियंस ने बेहद रोमांचक मुकाबले में 1 रन से मैच जीतकर खिताब पर चौथी बार कब्ज़ा जमा लिया। CSK को जीत के लिये आखिरी ओवर में 9 रन ही चाहिये थे, लेकिन CSK 1 रन से मुकाबला गँवा बैठा। मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह को **मैन ऑफ द मैच** चुना गया। सनराइज़र्स हैदराबाद के डेविड वार्नर को सबसे अधिक कुल 692 रन बनाने के लिये **ऑरेंज कैप अवार्ड** तथा CSK के इमरान ताहिर को सबसे अधिक कुल 26 विकेट लेने के लिये **पर्पल कैप अवार्ड** दिया गया। मुंबई इंडियंस ने 2013, 2015 और 2017 में खिताबी जीत हासिल की थी। खिताब जीतने पर मुंबई इंडियंस को 20 करोड़ रुपए तथा रनर्स अप CSK को साढ़े 12 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली।
- वर्ष 2012 में दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया मामले को रिकॉर्ड समय में सुलझाने वाली IPS अधिकारी **छाया शर्मा** को एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी ने **मैक्केन इंस्टीटयूट फॉर इंटरनेश्नल लीडरशिप-2019** से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान साहसिक लीडरशिप से जुड़े उल्लेखनीय कामों के लिये दिया जाता है। वर्ष 2012 में सामने आए निर्भया मामले के समय छाया शर्मा दक्षिणी दिल्ली की DCP थीं। गौरतलब है कि वर्ष 2015 में शांति का नोबेल पुरस्कार जीतने वाली **मलाला युसुफजई** को भी यह सम्मान मिल चुका है।
- ITC ग्रुप के चेयरमैन **वाई.सी. देवेश्वर** का 11 मई को 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह भारतीय इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले कॉर्पोरेट प्रमुखों में से एक थे, जिसमें से उन्होंने दो दशक से ज़्यादा समय **ITC** में बिताया. उन्होंने एक सिगरेट निर्माता कंपनी को एक बड़े FMCG में बदल दिया। 1996 में वह कंपनी के एग्ज़ीक्यूटिव चेयरमैन बनाए गए। वाई.सी. देवेश्वर 1991 से 1994 के बीच सरकार के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी **एयर इंडिया** के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर रहे। इसके अलावा वह RBI के डायरेक्टर भी रहे। वर्ष 2011 में उन्हें भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान **पद्म भूषण** से नवाज़ा गया था। इसके अलावा उन्हें यूएस-इंडिया बिज़नेस काउंसिल की तरफ से ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड भी मिला। वर्ष 2012 में वाई.सी. देवेश्वर बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर बने तथा 2006 में उन्हें बिजनेस पर्सन ऑफ द ईयर के सम्मान से भी नवाज़ा गया था। इसके बाद **संजीव पुरी** को ITC ग्रुप का नया चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया गया।
- लोकप्रिय बिरहा गायक **हीरालाल यादव** का 93 वर्ष की आयु में 12 मई को बनारस में निधन हो गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसी वर्ष 16 मार्च को उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। यह 70 वर्ष में पहली बार था जब **बिरहा** को सम्मान मिला। उन्होंने वर्ष 1962 से आकाशवाणी व दूरदर्शन पर बिरहा गाकर प्रसिद्धि पाई। करीब सात दशक तक हीरा-बुल्लू की जोड़ी गाँवों और शहरों में बिरहा की धूम मचाती रही। दोनों ही गायक राष्ट्रभक्ति के गीतों से स्वतंत्रता आंदोलन की अलख भी जगाते रहे। अपनी सशक्त गायकी से हीरालाल यादव ने बिरहा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और **बिरहा सम्राट** के रूप में प्रसिद्ध हुए।